## संक्षिप्त

### सैन समाज की बैठक 26 को

**निवाई।** सैन समाज पंच परगना शहरी एवं ग्रामीण की साधारण सभा की बैठक 26 नवंबर को समिति अध्यक्ष राधेश्याम डांगरथल की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। मंत्री शिवदयाल पडियार व राधेश्याम नटवाड़ा ने बताया कि 26 नवंबर को दोपहर 2 बजे कमलेश्वर महादेव मंदिर में साधारण सभा की बैठक का आयोजन होगा। बैठक में सभी को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने ने बताया कि बैठक में छात्रावास के विकास सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में समाज के जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी सहित कई कार्यकर्ता भाग लेंगे।

### श्रद्धानंद महाराज की पुण्यतिथि आज

**निवाई।** गांव बस्सी में संतोष आश्रम में स्वर्गीय श्रद्धानंद महाराज की दूसरी पुण्यतिथि हरभांवता आश्रम के संत स्वामी बालकानंद महाराज के सानिध्य में मनाई जाएगी। बाबूलाल पोसवाल ने बताया कि संतोष आश्रम में शुक्रवार की शाम को भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। भजन संध्या में भजन मंडलियों के द्वारा गुरु महिमा के भजन सुनाए जाएंगे। शनिवार को दोपहर महाआरती करके व महाराज की समाधि पर प्रसादी का भोग लगाकर प्रसादी वितरण की जाएगी।

### बालिकाओं ने सीखे आत्मरक्षा के दांव पेंच

**मालपुरा।** सिकोईडिकोन संस्था एवं राउमावि किरावल के संयुक्त तत्वाधान मे शुक्रवार को विद्यालय मे आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। शिविर मे दक्ष प्रशिक्षक सुमन लता शर्मा ने कक्षा 9 से 12 की दो दर्जन से अधिक बालिकाओं को स्वंय आत्मरक्षा करने के लिये अनेक दांव पेंच सिखाये। सिकोईडिकोन संस्था शाखा प्रभारी विवेक त्रिपाठी ने बताया कि वर्तमान समय मे जिस प्रकार महिला हत्याचार सहित बालिकाओं के साथ हो रही घटनाओं को मध्य नजर रखते हुये किसी भी प्रकार की विपत्ति मे स्वंय की आत्मरक्षा करन के लिये बालिकाओं मे जाग्रति के साथ-साथ मनोबल बढाने के लिये इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये जा रहै है। जिनमे बालिकाऐं रूचि लेकर दांव पेंच सीख रही है।

### निरीक्षण किया

**पावटा।** नगरपालिका पावटा प्रागपुरा क्षेत्र के के पावटा कस्बे में पार्किंग की समस्या को देखते हुए प्रशासन व पालिका की ओर से कवायद शुरू कर दी है। अब पार्किंग संभावना को तलाशते व पार्किंग की समस्या के निस्तारण को पालिका ईओ फतेहसिंह ने कस्बे में कई स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पार्किंग के लिए कई स्थल चिन्हित किये। गुरुवार को नगरपालिका ईओ फतेह सिंह आनंद ने पावटा कस्बे का निरीक्षण किया। पावटा घंटाघर चौक पर सार्वजनिक शौचालय मे साफ सफाई रखने के निर्देश दिए।

### बंद पड़े रास्ते को खुलवाया

**दूदू।** जिले के अधीन जिला कलेक्टर द्वारा ग्राम पंचायतों में चलाए जा रहे रास्ता खोलो अभियान के तहत ग्राम पंचायत रहलाना में कई वर्षों से बंद पड़े रास्ते को खुलवाकर आम ग्रामीण जन को राहत दिलाई इस दौरान सरपंच नंदू देवी गुर्जर ग्राम विकास अधिकारी सोनाक्षी यादव हल्का गिरदावर व पटवारी रामलाल भागचंद गुर्जर ग्राम पंचायत के वार्ड पंचों ने ग्रामीणों को समझ कर जेसीबी से रास्ता खुलवाकर शिलालेख लगाया गया

### राजेश बम्ब महामंत्री मनोनीत

**टोंक।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन संगठन के अतिरिक्त शहर महामंत्री पद पर राजेश बम्ब को मनोनीत किया गया है। इस अवसर पर संगठन के जिला महामंत्री ओम प्रकाश विजय दिनेश पाटौदी, धर्मेंद्र गुप्ता शहर अध्यक्ष भगवान भण्डारीच शहर महामंत्री आलोक बढ़ाया, कोषाध्यक्ष अमित सर्राफ, युवा जिलाध्यक्ष शेलेन्द्र गर्ग, युवा जिला महामंत्री निखिल गुप्ता शहर युवाध्यक्ष सुमित अग्रवाल आदि ने राजेश बम्ब को बधाई दी।

### आँगनबाड़ी केंद्र स्वीकृत

**मनोहरपुर।** विधायक मनीष यादव की अनुशंसा पर विधानसभा क्षेत्र में 5 नये आंगनबाडी केंद्रों की प्रशासनिक स्वीकृति जारी हुई है! गोरतलब है कि प्रदेश की भाजपा सरकार के परिवर्तित बजट घोषणा वर्ष 2024-25 की संख्या 89 (1) के क्रम में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 5 नवीन आँगनबडी केंद्र खोले जाने की घोषणा की गई थी।

# कलेक्टर ने निरीक्षण कर तहसील, पंचायत समिति कार्यालय व जेल का जायजा लिया



किशनगढ़ बास में निरीक्षण के दौरान तहसीलदार को निर्देशित करते जिला कलेक्टर किशोर कुमार।

- किशनगढ़ बास मेंजेल में बंदियों से मुलाकात कर मिलने वाले भोजन व स्वास्थ्य प्रशिक्षण की ली जानकारी
- निरीक्षण के दौरान पंचायत समिति नरेगा तहसील अधिकारी कार्मिक व जेल प्रभारी सहित प्रहरी रहे मौजूद

**किशनगढ़ बास।** जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने शुक्रवार को किशनगढ़ बास का दौरा कर उपकारागृह जेल पंचायत समिति व तहसील कार्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य कर राहत प्रदान करने के लिए निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने जेल निरीक्षण के दौरान बंदियों से मुलाकात की व्यवस्थाओं की जानकारी ली और जेल की सुरक्षा एवं सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने बताया कि शुक्रवार को उन्होंने किशनगढ़ बास में पंचायत समिति, तहसील व उपकारागृह जेल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल में बंदियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा, सफाई एवं बंदियों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। मुलाकात कक्ष, किचन, बैरेक, प्रवेश द्वार आदि के साथ बंदियों के बैरकों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने जेल में विभिन्न पंजिकाओं एवं सुरक्षा के लिए लगे सीसीटीवी सिस्टम, कंट्रोल रूम की जांच की। बंदियों से मुलाकात कर उनके मामलों के बारे में जानकारी ली। बंदियों को दिए जाने वाले भोजन की व्यवस्था को देखा व स्वास्थ्य परीक्षण की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने जेल परिसर में घुमकर सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया।

किशनगढ़ बास निरीक्षण पर पहुंचे जिला कलेक्टर सबसे पहले पंचायत समिति व तहसील कार्यालय के निरीक्षण पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने राजस्व अधिकारियों को राजकीय भूमि पर अतिक्रमण के धारा 91 प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने आठ प्रकरण जिन पर माननीय न्यायालय का स्थगन है उन में तहसीलदार को प्रभावी पैरवी कर निस्तारण के निर्देश दिए। तहसीलदार को पश्चातवर्ती अतिक्रमण की दशा में अतिकर्मी को भौतिक रूप से बेदखल कर नियम अनुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। पंचायत समिति व नरेगा विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य कर आमजन को राहत प्रदान करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान तहसील पंचायत समिति नरैगा व जेल प्रशासन एवं स्टाफ मौजूद रहा।

### मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया

**अलवर।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आर्तिका शुक्ला ने आज मतगणना केंद्र बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय में पहुंचकर मतगणना की तैयारियों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना कक्ष, पार्किंग व्यवस्था, ईटीपीबीएस, बेरिकेटिंग, प्रवेश द्वार आदि का निरीक्षण कर मतगणना हेतु की जा रही तैयारियों पर संतुष्टि जाहिर कर उन्होंने निर्देश दिये कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की कडाई से पालना सुनिश्चित करते हुए मतगणना संबंधी समस्त कार्य निष्पक्षता के साथ पूर्ण कराए। उन्होंने निर्देश दिये कि अधिकृत व्यक्ति को ही मतगणना केंद्र में प्रवेश दिया जावे। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता, यूआईटी के अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत विभाग के अधिशासी अभियन्ता व डीओआईटी के संयुक्त निदेशक को निर्देश किया कि मतगणना संबंधी जो तैयारियां की गई है उनका बारीकी से अंतिम परीक्षण कर लेवे। उन्होंने निर्देश दिये कि मतगणना केंद्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करावे। उन्होंने नगर निगम के आयुक्त को निर्देश दिये। कि मतगणना स्थल पर साफ-सफाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

# आज होगी मतगणना, मतगणना को लेकर मतदाताओं में भारी उत्साह

- देवली उनियारा चुनाव परिणाम का संपूर्ण राजस्थान में है बेसब्री से इंतजार

**निवाई।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में देवली उनियारा विधानसभा के निर्दलिय प्रत्याशी नरेश मीणा की जीत के लिए उनके समर्थक मंदिरों में मथा टेक कर मन्नते कर रहे है। देवली उनियारा विधान सभा का चुनाव परिणाम शनिवार को जारी होगा। जिसको लेकर लोगों में भारी उत्साह बना हुआ है। वहीं प्रशासन ने मतगणना को लेकर संपूर्ण तैयारियां पूरी कर ली है।

उल्लेखनीय है कि 13 नवम्बर को आयोजित विधान सभा का उप चुनाव मतदान संपन्न हुआ था। जिसके 10 दिन बाद बंद कमरों में केद इवीएम मशीनों पर जमी धूल को हटाकर शनिवार को मतगणना होगी व मतगणना के बाद परिणाम घोषित होंगे। इस दौरान सैंकडों उत्साहित कार्यकर्ता जिला मुख्यालय पर स्थित मतगणना केन्द्र पर जाने के लिए रवाना होंगे हैं। इस दौरान सैंकड़ों समर्थक मंदिरों में अपने चहेते प्रत्याशियों के जीतने के लिए भगवान से मन्नते कर रहे है। बता दें कि देवली उनियारा विधान सभा सीट से कुल 8 प्रत्याशी मैदान में है। जिनमें भाजपा से पूर्व विधायक राजेन्द्र गुर्जर, कांग्रेस से केसी मीणा व निर्दलिय प्रत्याशी नरेश मीणा में त्रिकोणिएं संघर्ष है। उल्लेखनीय है कि निर्दलिय प्रत्याशी नरेश मीणा परिणाम बदलने की क्षमता रखते है। निर्दलीय भी भाजपा व कांग्रेस का खेल बिगाड़ सकते है। प्रत्याशियों का भाग्य इवीएम मशीनों में कैद है। जिसका खुलासा शनिवार को मतगणना के बाद सामने आ जाएगा।

तीनो प्रत्याशियों के समर्थक अपने-अपने प्रत्याशी की जीत का दावा कर रहे हैं वहीं मतगणना को लेकर प्रत्याशियों के लिए शनिवार की रात कत्ल की रात के समान है। कार्यकर्ताओं को 23 दिसम्बर का बेसब्री से इंतजार है। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में स्थित चाय-पकोडी की दुकानों पर लोग हार-जीत की शर्तें लगाकर आनन्द ले रहे है। वहीं कई समर्थक भी अपले चहेते प्रत्याशी की जीत के लिए मंदिरों में माथा टेक रहे है। यह तो वक्त ही बतायेगा की राजयोग किसकी तकदीर में है।

अभी तो हार व जीत शर्तों के साथ मतगणना का इंतजार बाकी है। शहर सहित ग्रामीण क्षैत्र में जगह-जगह होटलों एवं ढाबों पर देर रात तक एक ही चर्चा है कि कौन होगा देवली उनियारा का सिरमौर। देवली उनियारा के चुनाव परिणाम को लेकर संपूर्ण राजस्थान में शनिवार का बेसब्री से इंतजार है। इस अवसर पर मुरारीलाल मीणा बीड बरथल, खिलाडी मीणा, सुदामा मीणा, शिवदास मीणा, विकास बोकण खणदेवत, बलवीर मीणा, हंसराज मीणा, निय मीणा, विक्रम सिंह, गणेश मीणा सीदडा, प्रहलाद मीणा, दीपक जैन, बंटी चौधरी, कर्नल गुर्जर व शिवराज गुर्जर सहित कई कार्यकर्ताओं ने नरेश मीणा की जीत के लिए देवधाम जोधपुरिया में भगवान देवनारायण जी के मंदिर में माथा टेक कर भगवान से चुनाव जीतने की मन्नते मांगी है।

### जिला प्रशासन ने की मतगणना की तैयारियां पूर्ण

**अलवर।** रामगढ विधानसभा उप चुनाव-2024 के तहत मतगणना 23 नवम्बर 2024 को बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय में प्रात: 8 बजे से प्रारम्भ होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार मतगणना के लिए समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। उन्होंने बताया कि मतगणना हेतु नियोजित सभी अधिकारी एवं कार्मिक प्रात: 6 बजे राजकीय कला महाविद्यालय अलवर में उपस्थित होंगे।

उन्होंने बताया कि रामगढ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 284 मतदान केंद्रों की मतगणना कुल 22 राउंड में पूर्ण होगी जिसके लिए मतगणना कक्ष संख्या स्टाफ कक्ष (भूतल) पर निर्धारित किया गया है तथा ईवीएम स्ट्रांग रूम संख्या 2, 3, 4 (भू-तल) पर रहेगा। ईवीएम मतगणना हेतु कुल 13 टेबल एवं डाक मतपत्र व ई-पीबी हेतु 5 टेबल लगाई गई है तथा ई-पीबी गणना कक्ष संख्या 7 में होगी जिसमें 3 टेबल लगाई गई है।

# 72 यज्ञों की महाश्रृंखला में आज 45 वें यज्ञ की पूर्णाहुति



पांच दिवसीय यज्ञ में पूजन और हवन किया।

**पावटा।** विश्व शांति और मानव कल्याण के उद्देश्य से बाबा बस्तीनाथ के सान्निध्य में सिद्ध योगी श्री बाबा बालनाथ आश्रम बावडी पावटा में वर्षपर्यंत चल रहे 1०8 कुंडिय महामृत्युंजय रुद्र महायज्ञ के 72 यज्ञों की महाश्रृंखला में शुक्रवार को 45वे यज्ञ की पूर्णाहुति हुई जिसमें सभी यजमानों ने इस पांच दिवसीय यज्ञ में बडे ही ध्यान से पूजन और हवन का कर्म किया।

जहां प्रकृति प्रकोप और महामारी और विश्व कल्याण की रक्षा हेतु भगवान महामृत्युंजय शिव नामावली के साथ आहुतियां दी गई। वही बाबा श्री बस्तीनाथ महाराज के द्वारा इस यज्ञ की पूर्णाहुति प्रधान कुंड पर बाबा श्री के कर कमलो के द्वारा हुई। बाबा श्री बस्तीनाथ को भेंट के स्वरूप कई यजमानों ने दुर्व्यसन का त्याग किया। इस दौरान बाबा श्री बस्तीनाथ महाराज ने श्रद्धालुओ को कहाँ कि सत्कर्म के साथ धर्म और धैर्य को धारण करना है। हमेशा शास्त्र का समान और उनके ज्ञान को धारण करना चाहिए। मुनियों का भी समान हमें करना चाहिए। सत्कर्म, धन, वैभव, मान, प्रतिष्ठा सबका त्याग करके निस्वार्थ भावना से विगत 16 वर्षो से यह यज्ञ किया जा रहा हैं। जीवन को जिस तरीके से जियेंगे वैसा ही प्राप्त होगा। धर्म का सही तरीके से पालन करना चाहिए। स्वयं को मेहनत करना होगा निर्णय से ज्यादा निश्चय से ही जीवन बदलता है अच्छा संकल्प लेने से ही जीवन का उद्धार होता है।

### जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम आयोजित

**दूदू।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं,समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिये जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम गुरुवार अतिरिक्त जिला कलक्टर गोपाल परिहार की अध्यक्षता में पंचायत समिति के वी सी कक्ष में आयोजित हुआ।

जनसुनवाई में फसल खराबे का मुआवजा दिलाने विभिन्न प्रकरणों की पुलिस जांच कराने तथा पेयजल आपूर्ति करवाने व पट्टों की जांच करने सहित विभिन्न जन समस्याओं से संबंधित कुल 32 प्रकरण प्राप्त हुए जिन पर कार्यवाही करते हुए मौके पर ही निस्तारण कर शेष परिवादों के बारे में संबंधित अधिकारीयों से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर तुरन्त कार्यवाही कर राहत पहुंचाने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई के साथ - साथ सम्पर्क पोर्टल, मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री कार्यालय सहित विभिन्न स्तरों से प्राप्त होने वाले परिवादों का निर्धारित समय सीमा में निस्तारण किया जाए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवलाल, पुलिस उप अधीक्षक दीपक खंडेलवाल, मौजमाबाद तहसीलदार सुरेंद्र विश्नोई, जिला रसद अधिकारी सौरभ जैन,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुनील कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी रेणु तँवर, उद्यानिकी विभाग के उपनिदेशक डॉ पीसी वर्मा, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के एसीपी अनिल मेघवंशी, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता जेपी बैरवा, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता गुरुशरण वर्मा, पीएचईडी के सहायक अभियंता गणेश वर्मा ,कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक केके मंगल, सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुंडावर की ग्राम पंचायत सोरखा कलां में जिला कलेक्टर ने लगाई रात्रि चौपाल, सुनी समस्याएं



किशनगढ़ बास में निरीक्षण के दौरान तहसीलदार को निर्देशित करते जिला कलेक्टर किशोर कुमार।

- मौके पर अधिकारियों को निर्देश देकर कराया समस्याओं का समाधान

**खैरथल।** खैरथल तिजारा जिले के उपखंड मुंडावर की ग्राम पंचायत सोरखा में जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। जिला कलेक्टर की रात्रि चौपाल में ग्रामीणों ने समस्याएं जिला कलेक्टर के समक्ष रखी। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर मौके पर निस्तारण हेतु संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर समस्याओं के निस्तारण हेतु निर्देशित किया।

कलेक्टर की चौपाल में पट्टा दिलाने, अवैध अतिक्रमण हटाने, जल जीवन मिशन सहित कुल 15 प्रकरण जिला कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किए गएजिला कलेक्टर ने ग्राम वासियों को जल संरक्षण के बारे में जागरूक किया साथ ही बताया कि आगामी समय में जिलेभर में 11 नवंबर से राजस्व अभियान चलाकर रास्ते खोलने एवं अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरू होगा। जिसके तहत अब तक 8 कैंप किए जा चुके है।

जिले में कैंप आयोजित किए जाएगें। अधिकांश समस्याओं का समाधान पंचायत स्तर पर हो जाए इस हेतु रात्रि चौपाल का आयोजन कर प्रशासन आपके घरों तक पहुंच रहा है ताकी आपको उपखंड या जिला मुख्यालय नहीं आना पड़े। रात्रि चौपाल आयोजन के दौरान कृषि विभाग के अधिकारी ने सिंगल सुपर फास्फेट उर्वरक के मिनरल्स प्रतिशत एवं फायदों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाएं जैसे तारबंदी योजना, फार्म पॉन्ड योजना, प्याज भंडारण सहित अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी। समाज कल्याण अधिकारी महेंद्र कुमार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अरविंद गेट, स्वास्थ्य एवं जन अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता धर्मवीर यादव ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे ग्रेप, खाद्य पदार्थों में मिलावट के प्रति जागरूक, वृद्ध जन पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पालनहार योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, सशक्त खैरथल तिजारा, लाडो योजना, स्वास्थ्य जीवन शैली नवाचार, तंबाकू फ्री कैंपियन, जल जीवन मिशन, पीएम सूर्यघर योजना, पीएम विश्वकर्म योजना किया के बारे में विस्तार से आवेदन की प्रक्रिया के बारे में बताया।

## सार-समाचार

### नेहा माथुर को मिली पीएचडी की उपाधि

**फुलेरा।** कस्बे के समाजसेवी सत्येन्द्र कुमार माथुर की पुत्री नेहा माथुर ने जयपुर स्थित मणिपाल यूनिवर्सिटी से डॉक्टरेट की उपाधि हासिल की है। प्राप्त जानकारी अनुसार नेहा ने इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग से मेमोरी डिजाइन(चीप डिजाइन) पीएचडी उपाधि प्राप्त की। गौरतलब है कि डॉ. नेहा अपनी सफलता का श्रेय अपनी मार्ग दर्शक डॉ. शिल्पी बिरला को देते हुए, अपनी सफलता को अपने परिवार को समर्पित किया। डॉ. नेहा वर्तमान में गुरुग्राम में द्रोणाचार्य कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है। नेहा की इस उपलब्धि पर उनके परिचितों एवं रिश्तेदारों ने व्यक्तिगत ओर सोशल मीडिया के माध्यम से शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।



### एसडीएम का जताया आभार

**किशनगढ़ बास।** शहर में तीन दिन से हड़ताल पर सफाई कर्मी वेतन मिलने के बाद शुक्रवार से काम पर लौट आने पर सफाई के शुरू होने पर लोगों ने राहत की सांस ली है। बता दें कि तीन दिन से सफाई नहीं होने पर गुरुवार को व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी के नेतृत्व में एसडीएम मनीष जाटव से मिला था। 3 दिन से शहर में सफाई व्यवस्था चौपट होने की व्यापार महासंघ की शिकायत पर एसडीएम ने एक्शन लेते हुए नगर पालिका अधिकारी को सफाई कर्मियों की समस्या का समाधान कर तुरंत शहर की सफाई कराने के निर्देश पर कॉन्टैक्टर से एक माह का पूरा वेतन सफाई कर्मियों को दिलाकर पीएफ जल्दी दिलाने का आश्वासन देकर हड़ताल खत्म कराई। शहर में सफाई शुरू होने पर व्यापार महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी ने एसडीएम मनीष जाटव का आभार व्यक्त किया। इस दौरान व्यापार महासंघ के प्रतिनिधि हरमेश खुराना मदनलाल अग्रवाल विनय टीटू गोयल प्रभु दयाल चदनानी जनेश भूटानी ताराचंद बत्रा मनीष ढींगड़ा प्रवीण अग्रवाल आदि व्यापारी मौजूद रहे।

### घर में आग लगने से घरेलू सामान जला

**पावटा।** ग्राम पंचायत फतेहपुरा खुर्द के गांव रुपपूरा में बुधवार रात आग लगने से अनाज व रसोई का सामान जल गया ग्रामीणों ने आग बुझाने के लिए काफी मशक्कत करने के बाद भी आग पर काबू नहीं पाया जिसके बाद सूचना पर पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया लेकिन तब तक घर में रखा सारा सामान जल चुका था। फतेहपुरा जीएसएस अध्यक्ष बजरंग लाल यादव ने बताया कि बुधवार रात रुपपूरा की ढाणी डेहल्ढा कि में महावीर यादव के कच्चे मकान में आग लग गई। आग को देखकर अफरातफरी मच गई तेज लप्टे देखकर आसपास के लोग भी दौडकर पहूचें और आग बुझाने का प्रयास किया तथा घर में रखे सामान को बचाने कि जद्दोजहद में जुटे लोगों ने मिट्टी व पानी के सहारे आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन तमाम मशक्कत के बाद भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका। आग लगने कि सुचना पर पहुंची दमकल ने आग पर काबू तो पाया लेकिन तब तक सब जलकर राख हो चुका था। जानकारी अनुसार घर में 5 बोरी गेहूं, 5 बोरी बाजार व रसोई सामान सहित चारपाई व बिछोने आग में जल चुके है जिससे पीडित को हजारों रुपए का नुकसान हुआ है। ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष बजरंग लाल यादव, कैलाश गुर्जर, दाताराम रैया, महेश यादव, पंच बाबूलाल यादव, कालूराम यादव, लालाराम यादव, पोखर रावत, आदि लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि पीडित की आर्थिक स्थिति दयनीय है तथा उसे आर्थिक सहायता प्रदान करने कि मांग रखी।

### खुलेगें पांच नये आंगनबाड़ी केन्द्र

**कोटपूतली।** विधायक हंसराज पटेल की अनुशंषा पर राज्य सरकार ने कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र में पांच नये आंगनबाड़ी केन्द्र स्वीकृत किये है। इस सम्बंध में महिला एवं बाल विकास मंत्री डिप्टी सीएम दीया कुमारी की बजट घोषणा के अनुरूप विभाग के शासन सचिव महेन्द्र सोनी द्वारा जारी आदेशानुसार कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र में ग्राम पंचायत बुचारा की ढ़ाणी चौटक्या, ग्राम पंचायत भुरी भड़ाज की ढ़ाणी भड़ाज, ग्राम पंचायत कल्याणपुरा कलां स्थित भैंरूजी की ढ़ाणी, कस्बे के वार्ड नं. 30 स्थित पायला का मौहल्ला व वार्ड नं. 08 स्थित ढ़ाणी फौजावाली में नये आंगनबाड़ी केन्द्र खोलने की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति जारी की है। इस प्रकार पांच में से तीन आंगनबाड़ी ग्रामीण एवं दो आंगनबाड़ी शहरी क्षेत्र में खोले जावेगें। उपरोक्त स्वीकृति पर विधायक पटेल ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा व डिप्टी सीएम दीया कुमारी का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि नये आंगनबाड़ी केन्द्र खुलने से 06 वर्ष की उम्र तक के बालक-बालिकाओं, गर्भवती व धात्री महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को लाभ होगा। साथ ही इनमें अलग से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं का चयन किया जायेगा। सभी केन्द्र जल्द से जल्द खुलेगें। विधायक पटेल ने कहा कि आने वाले दिनों में अन्य स्थानों पर भी आंगनबाड़ी केन्द्र खोले जायेगें। कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिये निरन्तर प्रयास किये जा रहे है।

### समरावता घटना को लेकर सौपा ज्ञापन

**टोंक।** एआरईसीसी ह्युम्न राईटस शाखा टोंक द्वारा जिला कलेक्टर टोक को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में बताया कि टोंक के उपखण्ड उनियारा के ग्राम समरावता में पुलिस प्रशासन द्वारा बिना विधिक प्रक्रिया द्वारा छोड़े गये अश्रुगैस व लाठीचार्ज में घायल ग्रामवासियों को मुख्यमंत्री सहायता कोष से राशि दिलवाने, मकानों में हुए नुकसान, जली हुई मोटरसाइकिल व कार/जीप का मुआवजा दिलाने तथा दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों एवं प्रकरण की जांच करवाने की मांग की है।

### बैठक बुलाने की मांग

**दूदू।** ग्राम पंचायत सेवा के पूर्व सरपंच एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी रामलाल चौधरी के नेतृत्व में विभिन्न ग्राम पंचायतों के किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर डॉ जितेंद्र सोनी को हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन पेश कर सिंचाई विभाग के अधीन छापरवाडा बांध की नहरे खुलवाने की मांग को लेकर जल वितरण कमेटी की बैठक बुलाने की मांग की है।

### देखो अपना देश, पीपुल्स च्वाइस 2024 के लिये मतदान 25 नवम्बर तक

**कोटपूतली।** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने विभागों के अधिकारियों, जिला शिक्षा अधिकारी, महाविद्यालय के प्राचार्यो और समस्त एसडीएम को निर्देश दिये की वे अपने प्रदेश के पर्यटक स्थलों को अखिल भारतीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित एवं विकसित करने की दिशा में अपने अधीनस्थ अमले (शिक्षक, ग्राम पंचायत कार्मिक, आंगनवाड़ी एवं आशा कार्यकर्ता, पटवारी आदि एवं विद्यार्थियों को प्रोत्साहित कर ष्देखो अपना देश पीपुल्स च्वाइस 2024 अन्तर्गत अधिक से अधिक वोटिंग करवायें। उल्लेखनीय है की पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा एक राष्ट्रव्यापी पहल, देखो अपना देश पीपुल्स च्वाइस 2024 की प्रक्रिया ऑनलाईन पोर्टल पर आरम्भ की है। इस अभियान अन्तर्गत 1. आध्यात्मिक 2. सांस्कृतिक एवं हेरिटेज 3. प्रकृति एवं वन्य जीव 4. एडवेंचर 5. अन्य श्रेणियों में श्रेष्ठ पर्यटक स्थलों हेतु ऑनलाईन वोटिंग की जानी है। प्रत्येक श्रेणी में तीन पर्यटक स्थलों का चयन किया जाना है। ऑनलाईन वोटिंग के आधार पर सर्वश्रेष्ठ पर्यटक स्थल की घोषणा भारत सरकार द्वारा की जावेगी।

इस प्रतियोगिता में वोट करने वाले व्यक्तियों को लक्की ड्रा के आधार पर देश के पर्यटक स्थल पर यात्रा करने हेतु 03 रात 04 दिन एवं ग.प्र. के पर्यटक स्थल हेतु 04 रात 05 दिन का फ्री पैकेज एवं अन्य आकर्षक पुरुस्कार प्रदान किये जायेंगे। ऑनलाईन वोटिंग हेतु लिंक प्रदान की गई है। वोटिंग की अंतिम तिथि 25 नवम्बर है।

भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय ने 'भारत की जनता' की नब्ज को समझने के लिए पहली बार राष्ट्रव्यापी आईपी (बौद्धिक संपदा) 'देखो अपना देश, पीपुल्स च्वाइस 2024' विकसित किया है। वोटिंग 25 नवम्बर तक खुली है। राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण का उद्देश्य नागरिकों के साथ जुडकर सबसे पसंदीदा पर्यटक आकर्षणों की पहचान करना और 5 पर्यटन श्रेणियों- आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और विरासत, प्रकृति और वन्यजीव, साहसिक और अन्य में पर्यटकों की धारणाओं को समझना है। चार मुख्य श्रेणियों के अलावा, 'अन्य' श्रेणी वह है जहाँ कोई व्यक्ति अपने व्यक्तिगत पसंदीदा के लिए वोट कर सकता है और जीवंत सीमावर्ती गाँव, वेलनेस टूरिज्म, वेडिंग टूरिज्म आदि जैसे अनदेखे पर्यटन आकर्षणों और स्थलों के रूप में छिपे हुए पर्यटन रत्नों को उजागर करने में मदद कर सकता है।